राज्यपाल सचिवालय
राजभवन, जयपुर

डॉ. आलोक त्रिपाठी सरदार पटेल पुलिस सुरक्षा एंड दांडिक न्याय विश्वविद्यालय जोधपुर में कुलपति नियुक्त

राज्यपाल श्री मिश्र ने जारी किए नियुक्ति आदेश

जयपुर, 14 फरवरी। राज्यपाल एवं कुलाधिपति श्री कलराज मिश्र ने भारतीय पुलिस सेवा के सेवानिवृत अधिकारी डॉ. आलोक त्रिपाठी को सरदार पटेल पुलिस सुरक्षा एंड दांडिक न्याय विश्वविद्यालय जोधपुर में कुलपति पद पर नियुक्ति के आदेश जारी किए हैं। श्री मिश्र ने राज्य सरकार के परामर्श से यह नियुक्ति की है।

राज्यपाल श्री मिश्र द्वारा जारी आदेश में डॉ. आलोक त्रिपाठी को यह नियुक्ति कार्यभार संभालने की तिथि से 3 वर्ष या 70 वर्ष की आयु प्राप्त करने तक इनमें से जो भी पहले के लिए की है।

____